प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पिछले एक दशक में अपनी जी.डी.पी को दोगुना करने वाला भारत बना दुनिया की एक मात्र अर्थव्यवस्था।
- प्रदेश में भारी हिमपात से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त– ऊपरी क्षेत्रों में 2 से 5 फुट तक बर्फबारी– 6 सौ 85 सड़कों पर यातायात बाधित।
- शिमला शहर की अधिकांश अंदरूनी सड़कों से बर्फ हटाने का कार्य पूरा–शिमला ज़िला के ऊपरी क्षेत्रों में अधिकतर सड़कों पर यातायात ठप्प।
- 56वां पूर्ण राज्यत्व दिवस कल– कांगड़ा ज़िले के परागपुर में होगा राज्य स्तरीय समारोह।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे विचार।

पीएम – रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी को दोगुना कर लिया है। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है और भारत कई देशों के साथ व्यापार व आवागमन समझौते कर रहा है, जिससे देश के कुशल युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। नरेनद्र मोदी ने कहा कि रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है और लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों से नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

मौसम

राज्य में पिछले 48 घंटों में हुई भारी बर्फबारी और वर्षा से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हुआ है और समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। एक ओर जहां ये वर्षा और बर्फबारी किसानों व बागवानों के चेहरों पर रौनक लेकर आई है वहीं अन्य लोगों को कई परेशानियों को सामना भी करना पड़ रहा है। राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र के मुताबिक प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 85 सड़कों पर यातायात अवरूद्ध बना हुआ है। इसके अलावा 5 हज़ार 7 सौ 75 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 26 पेयजल योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। हालांकि आज अधिकांश भागों में मौसम में सुधार हुआ और लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की बहाली के लिए भारी मशीनरी लगाई गई है। राजधानी

शिमला में लगभग सवा एक फुट, कुफरी में दो फुट से अधिक, मनाली में दो फुट, लाहौल स्पीति ज़िले के उदयपुर, कोकसर और केलंग में भी दो फुट से अधिक हिमपात दर्ज किया गया है। किन्नौर ज़िले के ऊपरी क्षेत्रों में भी 3 से 4 फुट तक हिमपात हुआ है। चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी व भरमौर में भी भारी हिमपात से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। ऊपरी शिमला में अधिकांश सड़कों पर यातायात अवरूद्ध बना हुआ है। शिमला शहर की अधिकांश अंदरूनी सड़कों से बर्फ हटा ली गई है लेकिन सड़कों पर फिसलन की स्थिति बनी हुई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बर्फबारी से बाधित सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और अगले कुछ दिनों में सभी सड़कों को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

इधर मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई है जबकि 27 जनवरी को अनेक क्षेत्रों में भारी हिमपात व वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## पूर्ण राज्यत्व दिवस

हिमाचल प्रदेश कल अपना 56वां पूर्ण राज्यत्व दिवस मना रहा है। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िले के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परागपुर के खेल मैदान में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रशासन द्वारा इस राज्य स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

## सुनील शर्मा बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रेरित, प्रोत्साहित व प्रशिक्षित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए बेहतरीन अवसर मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कई बड़े निर्णय लिए हैं। आज टाउन हॉल हमीरपुर में जिला स्कूली क्रीड़ा संगठन द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए आयोजित पुरस्कार समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने स्कूली खिलाड़ियों की डाइट मनी में दोगुणा वृद्धि कर दी थी। सुनील शर्मा

बिट्टू ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले स्कूली खिलाड़ियों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रेलवे में एसी क्लास की यात्रा और विशेष परिस्थितियों में हवाई यात्रा का प्रावधान करके बहुत बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए पहली बार किसी सरकार ने इस तरह के बड़े निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि नादौन में लगभग एक सौ 25 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम बनकर तैयार हो रहा है जोकि मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले जिला के स्कूली खिलाड़ियों के लिए पहली बार पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन पर डीएसएसए की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इससे नन्हें खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि स्कूली खेलों में जिला हमीरपुर ने इस बार अंडर–19 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके गवर्नर ट्राफी जीती है। इसके लिए सभी खिलाड़ी, शारीरिक शिक्षक और बच्चों के अभिभावक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों को अपनाने की सलाह भी दी। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान व ए.डी.पी.ई.ओ राजेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और स्कूली खेलों में हमीरपुर के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की जानकारी दी।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पिछले एक दशक में अपनी जी.डी.पी को दोगुना करने वाला भारत बना दुनिया की एक मात्र अर्थव्यवस्था।
- प्रदेश में भारी हिमपात से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त– ऊपरी क्षेत्रों में 2 से 5 फुट तक बर्फबारी– 6 सौ 85 सड़कों पर यातायात बाधित।
- शिमला शहर की अधिकांश अंदरूनी सड़कों से बर्फ हटाने का कार्य पूरा–शिमला ज़िला के ऊपरी क्षेत्रों में अधिकतर सड़कों पर यातायात ठप्प।
- 56वां पूर्ण राज्यत्व दिवस कल– कांगड़ा ज़िले के परागपुर में होगा राज्य स्तरीय समारोह।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे विचार।